शशिकिरण और परिमार्जन नेगी हारे

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में बिछी थी शतरंज के युवा शातिरों के बीच बिसात। इनमें दुनिया के जूनियर नम्बर-वन इटली के फैबियानो कारुआना के सामने थे भारत को युवा शतरंज स्टार परिमार्जन नेगी तो फिलिपीन के वेस्ली सो के सामने के कृष्णन शशिकिरण।

लेकिन कैटेगरी-17 के इस एएआई इंटरनेशनल जीएम टूर्नामेंट का पहला राउंड भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के लिए अच्छा नहीं रहा। परिमार्जन और शशिकिरण दोनों को ही इसमें हार का सामना करना पड़ा। विश्व जूनियर महिला चैंपियन चीन की होऊ यिफान के लिए भी यह राउंड खुशियां लेकर नहीं आया। उन्हें चेक गणराज्य के विक्टर लाजनिका ने काले मोहरों से खेलते हुए लगभग साढ़े छह घंटे और 65 चालों तक खिंची दिन की सबसे लम्बी बाजी में शिकस्त दी।

यह पहला मौका है जब भारत में इतना बड़े स्तर के शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने वाले शतरंज खिलाड़ियों की औसत ईलो रेटिंग 2662 से है। परिमार्जन टॉप सीड फैबियानो से मिडिल गेम के अंत में बाजी लगभग हार गए थे और 47 चालों के बाद उन्होंने हार स्वीकार भी कर ली। वहीं शशिकिरण को पहले टाइम कंट्रोल से पहले ही 37 चालों में वेस्ली ने शिकस्त दी।

इससे पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन वी.पी. अग्रवाल ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

भारत के ग्रैंडमास्टर परिमार्जन नेगी (बाएं) और इटली के फैबियानो कारुआना एएआई इंटरनेशनल जीएम टूर्नामेंट के पहले राउंड के दौरान।

पहले राउंड के रिजल्ट

- परिमार्जन नेगी टॉप सीड फैबियानो कारुआना से हारे
- होऊ यिफान को विक्टर लाजनिका ने दी शिकस्त
- वेस्ली सो ने कृष्णन शशिकिरण को हराया

हिन्दुस्तान 23-06-2011

अमर उजाला 23-06-2011

नेगी, शशिकिरण पहले राउंड में हारे

नई दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय चैंपियन परिमार्जन नेगी और दूसरी सीड कृष्णन शशिकिरण प्रथम एएआई ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के पहले ही राउंड में हार गए। नेगी को टॉप सीड और वर्ल्ड जूनियर नंबर वन इटली के फैबियानो करुणा ने 47 चालों में हराया जबकि शशिकिरण को ग्रैंडमास्टर वेस्ले सो ने 38 चालों में मात दी। एक अन्य मुकाबले में चेक रिपब्लिक के विक्टर लाजनिका ने काले मोहरे से खेलते हुए वर्ल्ड चैंपियन चीन के कारो कान क्लासिकल को मात दी।